हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

07 लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है मीडिया, भ्रांतियों को दूर कर...


08 एसआईआर: जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर...


## खबर संक्षेप

### प्रारंभिक कक्षाओं का अर्धवार्षिक मूल्यांकन 8 दिसंबर से

**सीहोर।** प्रदेश की शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नवीन समयसारिणी जारी की है।

### गणना पत्रक भरने आवश्यक नहीं ओटीपी

**सीहोर।** एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें। ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी मांगता है तो वह 'साइबर फ्रॉड कॉल' हो सकता है।

### भावांतर योजना में मॉडल रेट हुआ 4285

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### 400 गांवों तक पहुंचा कीट, 3000 हेक्टेयर फसल प्रभावित

# संकट में अन्नदाता : रबी की शुरुआत में ही 'जड़माहू' और 'उकठा' रोग का हमला

प्रारंभिक आकलन के अनुसार अब तक करीब तीन हजार हेक्टेयर से अधिक की फसल प्रभावित हो चुकी है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अभी रबी की बोवनी का कार्य पूरी तरह संपन्न भी नहीं हुआ है कि किसानों पर प्राकृतिक आपदा का एक और संकट टूट पड़ा है। इस बार हमला गेहूं की फसल में जड़माहू कीट और चना-मसूर में उकठा रोग का हुआ है, जिसने जिले के सैकड़ों गांवों को अपनी चपेट में ले लिया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार अब तक करीब तीन हजार हेक्टेयर से अधिक की फसल प्रभावित हो चुकी है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में गेहूं की फसल में जड़माहू कीट का प्रकोप 400 गांवों तक फैल चुका है, जबकि चना और मसूर की फसल में उकठा रोग 40 गांवों में देखा गया है। कृषि वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दवा का छिडक़ाव नहीं किया गया तो पूरी फसल नष्ट हो सकती है और उत्पादन में भारी गिरावट आएगी। बताया जा रहा है इछावर तहसील में फसल को सर्वाधिक नुकसान होने की खबर है।

#### जमीन से चूस रहा रस, पौधा हो रहा पीला

किसानों के अनुसार पिछले पांच साल से यह समस्या जिले में बनी हुई है। बताया जा रहा है कि बोवनी के बाद हुई हल्की बारिश से गेहूं की फसल में जड़माहू कीट सक्रिय हो गया है। यह कीट पौधे की जड़ से रस चूस रहा है, जिससे पौधा सूखकर खराब हो रहा है। वहीं चना और मसूर में फफूंद लगने से पौधा पीला पडक़र नष्ट हो रहा है, जिससे किसानों की आंखों के सामने उनकी फसल चौपट हो रही है।

#### कृषि वैज्ञानिक टीम दंग

किसानों की लगातार शिकायतों के बाद बीते दिनों कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया के वैज्ञानिक दीपक कुशवाह और कृषि अधिकारियों की टीम ने बरखेड़ा कुर्मी, भाऊखेड़ी, जमोनिया, नरसिंगखेड़ा, धामंदा सहित करीब 10 गांवों का दौरा किया। टीम ने पाया कि स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। किसानों ने टीम को बताया कि कई किसानों की दो से पांच एकड़ तक की पूरी फसल नष्ट हो गई है, जिसके कारण उन्हें दोबारा बोवनी करनी पड़ी है।

#### कर्ज चुकाने की चुनौती

जिले में इस साल रबी का रकबा 4 लाख 5 हजार हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें गेहूं का रकबा 3.40 लाख हेक्टेयर है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन को पहले ही अल्पवृष्टि और अतिवृष्टि ने भारी नुकसान पहुंचाया था। अब रबी की फसल भी बर्बाद हो रही है। किसान राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा पीछा नहीं छोड़ रही है। आंखों के सामने फसल बर्बाद हो रही है। फसल पर लिया कर्ज चुकाना अब एक बहुत बड़ी चुनौती है। किसान सौभाल सिंह ने बताय कि महंगी दवाएं लाकर छिडक़ाव करने के बाद भी कीट प्रकोप न रुकने की पीड़ा व्यक्त की।

**रबी का रकबा**

- 340000 गेहूं
- 50 हजार चना
- 0 हजार मसूर
- 5 हजार अन्य

(रकबा हेक्टेयर में है)

- रोग : जड़माहू कीट प्रकोप
- उपाय : एसिटामेप्रिड 20 प्रतिशत एसपी 100 ग्राम प्रति एकड़, करंज, नीम तेल का 200 एमएल प्रति एकड़ के हिसाब से पानी में घोल बनाकर गेहूं फसल में छिडक़ाव करे।
- रोग : उकठा रोग
- उपाय : थायोफिनेट मिथाइल 400 ग्राम एकड़, करंज, नीम तेल 200 मिली लीटर प्रति एकड़ के हिसाब से पानी में घोल बनाकर चना, मसूर फसल में छिडक़ाव करे।

# बदल रहा मौसम: ठंड बढ़ी पारा आठ डिग्री पर पहुंचा

### आने वाले दिन में और गिरेगा तापमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। रविवार को न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिले में पिछले 16 दिनों से न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में काफी अंतर देखा जा रहा है। विभाग ने संभावना जताई है कि आगामी दिनों में आसमान साफ होगा और ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। रविवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले, जिले में कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम देखने को मिल रहा था। इस साल मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश होती रही। अब मौसम में बदलाव के साथ ठंड का मौसम शुरू हो गया है।

### मतदाताओं के घर पहुंचे एन्युमरेशन फॉर्म

**सीहोर।** प्रदेश में गणना पत्रक डिजीटाइजेशन का कार्य 57.05 प्रतिशत पूरा हो गया है। 5 करोड़ 73 लाख से अधिक मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का बीएलओ द्वार वितरण किया जा चुका है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने लिए एसआईआर का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण व डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। 23 नवंबर तक प्रदेश के 5 करोड़ 73 लाख 2 हजार 531 मतदाताओं को 65014 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा गणना पत्र प्रदान किया जा चुके हैं। इनमें से 3 करोड़ 27 लाख 48 हजार 305 गणना पत्रकों का ङिजिटाइजेशन भी पूरा किया जा चुका है, जो कुल गणना पत्रकों का 57.05 प्रतिशत है।

# कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने किया नगर सहित गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारा शहर सहित सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा किया तथा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन, मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति, हर पोलिंग पर चल रहे नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने संबंधी जानकारी देते हुये मज़बूती से सभी बीएलए-2 को अपनी भूमिका का निर्वहन करने को कहा गया। इस अवसर पर इन सभी ग्रामों के सभी बीएलए-2 साथी से संपर्क करते हुए, अपनी-अपनी पोलिंग पर मुस्तेदी के साथ कार्य करने को कहा।

गुजराती द्वारा गांव-गांव, पोलिंग-पोलिंग पहुंचकर समीक्षा करने से आगामी संगठनात्मक दायित्वों में नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। कांग्रेस की विचारधारा को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए हम सभी निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

### कृष्णा ट्रॉफी 2025: काका लायंस ने कृष्णा ब्लास्टर को छह विकेट से हराया

**सीहोर।** बीएसआई मैदान पर कृष्णा ट्राफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है, शनिवार को खेले गए एक मुकाबले में काका लायंस ने कृष्णा ब्लास्टर को छह विकेट से हराया। इस मैच में हितेश ने 45 गेंद पर 47 रन की विस्फोटक पारी खेली। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की पूरी टीम 24 ओवर में 10 विकेट खोकर 107 रन बनाए थे। इसमें भविष्य त्यागी ने 15 रन, विकास सास्ता ने 26 रन, कमलेश पारोचे ने 19 रन और कनक ने 11 रन की पारी खेली। वहीं काका लायंस की ओर से गेंदबाजी करते हुए विशांक शिंदे ने तीन विकेट, आदर्श राय ने दो विकेट, हेमंत चौरसिया, अनुज पटेल, दीपेश सेन, केशवादित्य गोहिया ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष पद पर रोहित सकलेचा की नियुक्ति

### पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, आतिशबाजी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा आगर मालवा जिले के नलखेड़ा मंडल के अध्यक्ष पद पर पार्टी के युवा कार्यकर्ता तथा भाजपा किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा की नियुक्ति की घोषणा गई है। सकलेचा की भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के समाचार मिलते ही नगर तथा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त हो गई। कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल ढ़माकों के साथ आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया गया।

भाजपा संगठन द्वारा आखिर एक वर्ष के लंबे इंतजार तथा नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष पद के लिए चल रही कई अटकलों को विराम देते हुए नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष पद पर पार्टी के युवा तथा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा को नलखेड़ा मंडल का अध्यक्ष पद की कमान सौंप दी गई। सकलेचा की मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की खबर जैसे ही पार्टी कार्यकर्ताओं को मिली सभी के द्वारा एक दूसरे को बधाई देते हुए अपनी खुशी का इजहार करते हुए स्थानीय चौक बाजार में ढोल ढ़माकों के साथ जमकर आतिशबाजी की गई तथा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत कर उन्हें फूलमालाऐ पहनाई गई। अपनी नियुक्ति की घोषणा के बाद सकलेचा मां बगलामुखी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं समीप स्थित स्वामी सांदीपेंद्र महाराज के आश्रम पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### स्थान स्थान पर किया स्वागत

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सकलेचा का नगर में स्थान स्थान पर स्वागत किया गया। सकलेचा का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया पूर्व मंडल अध्यक्ष हीरालाल सोनी के निवास पर स्वागत किया गया। पूर्व नप अध्यक्ष प्रेम राठौर के प्रतिष्ठान पर सकलेचा को जामफल से तोलकर स्वागत कर मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।



### एनसीसी दिवस पर नगर में निकाली गई रैली

# रैली निकाल स्वच्छात के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





रविवार को एनसीसी इकाई शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1, सीहोर में एनसीसी दिवस मनाया गया। एनसीसी ऑफिसर सविता ठाकुर के मार्गदर्शन में संस्था के 143 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कैडेट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग एवं संस्था परिसर की साफ़ सफाई कर विद्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ एवं हरा भरा बनाए रखने हेतु संकल्प लेकर एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को सार्थक किया।

साथ ही भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत देशभक्ति एवं एनसीसी के योगदान से संबंधित पोस्टर्स बनाए और एनसीसी ऑफिसर और कैडेट्स द्वारा संस्था परिसर में पौधरोपण कर किया गया। कार्यक्रम में संस्था की एनसीसी अधिकारी सविता ठाकुर, आई.टी. इन्स्ट्रक्टर अमित जैन और 143 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए संस्था की एनसीसी अधिकारी सविता ठाकुर ने एनसीसी गतिविधियों में अनुशासन, एकता और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। जो एनसीसी प्रशिक्षण के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है। साथ ही फिटनेस और स्वस्थ जीवन के महत्व को बताते हुए एनसीसी प्रशिक्षण से प्राप्त विभिन्न कौशल को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया है। सभी एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति और अनुशासन के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन करते हुए, अपार उत्साह और जोश के साथ समारोह में भाग लिया।

### नाग दिवाली पर अलीजा महाराज देव स्थान पर हुआ हवन अनुष्ठान

**नलखेड़ा।** नगर के कचनारिया मार्ग स्थित श्रीमंत अलीजा राजबहादुर खांडेराव देवस्थान पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नाग दिवाली पर पांच दिवसीय महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार को हवन अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंगलवार को नाग दिवाली के अवसर पर छप्पन भोग व अन्नकूट का आयोजन होगा। नगर के प्राचीन देव स्थान श्रीमंत अलीजा राज बहादुर खांडेराव महाराज देवस्थान पर शनिवार को नाग प्रतिमाओं का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया था। सोमवार को मंदिर पर हवन अनुष्ठान किया गया। मंगलवार को नाग दिवाली के अवसर पर छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट तथा महाप्रसादी का आयोजन होगा। प्रातः 10 बजे छप्पन भोग लगाकर महाआरती की जाएगी उसके बाद अन्नकूट प्रारंभ होगा।



# खो-खो व योग प्रतियोगिता में गुरुकुल की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

भारतीय शिक्षा द्वारा जयपुर में पहली बार आयोजित योग एवं खो-खो प्रतियोगिता में क्षेत्र के महर्षि दयानंद कन्या गुरुकुल मोहन बड़ोदिया की बालिकाओं ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में देश भर से 20 से 25 प्रतिष्ठित स्कूलों ने हिस्सा लिया। जिसमें गुरुकुल की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और अनुशासन से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्रतियोगिता में मालिनी आर्य, प्रज्ञा श्री पांचाल और साधना पंथी ने अद्भुत टीम वर्कर संयम और खेल भावना का परिचय दिया। बालिकाओं का प्रदर्शन इतना प्रभावशाली रहा की निर्णायक मंडल और दर्शकों ने भी उनकी खेल दक्षिता की सराहना की। टीम को मंच पर द्वितीय पुरस्कार व पदक प्रदान किए गए। गुरुकुल के आचार्य ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा है कि बालिकाएं पढ़ाई और खेल दोनों क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था और क्षेत्र का गौरव बढ़ा रही हैं। गुरुकुल के संचालक प्रकाश आर्य ने कहा है यह उपलब्धता न केवल छात्रों के विश्वास को मजबूत करती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में छिपी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाती है।



## खबर संक्षेप

### जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया की आपूर्ति

**देवास।** उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि रबी सीजन में वर्तमान में 39 हजार 020 मीट्रिक टन यूरिया, 15 जार 584 मीट्रिक टन डीएपी, 11 हजार मीट्रिक टन एनपीके एवं 35 हजार 500 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट का भंडारण कर 34 हजार 920 मीट्रिक टन यूरिया, 13 हजार 808 मीट्रिक टन डीएपी, 6400 मीट्रिक टन एनपीके, 24 हजार मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। पिछले वर्ष आज दिनांक तक यूरिया 31 हजार 877 मीट्रिक टन का वितरण हुआ था। जिले में इस वर्ष पिछले वर्ष से 3050 मीट्रिक टन अधिक यूरिया किसानों द्वारा उठाव किया गया है। पाठक ने बताया कि जिले के डिफाल्टर (ओव्हर ड्यू) किसान डबललॉक केन्द्रों, एमपी एग्रो एवं निजी विक्रेताओं से यूरिया का क्रय करें एवं जो सेवा सहकारी संस्था के सदस्य हैं, वे अपनी सोसायटी से खाद क्रय करें। कि जिले में किसी भी प्रकार की उर्वरक की कोई कमी नहीं है एवं आगे भी इसी तरह अन्य उर्वरक जिले को प्राप्त होते रहेंगे।

### गंदगी करने व कचरा जलाने पर की कार्रवाई

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले के द्वारा शहर मे सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने पर चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। निगम के अमले द्वारा शहर के माउंट पब्लिक स्कूल आवास नगर के द्वारा स्कुल परिसर के बाहर कचरा जलाने एवं गंदगी फैलाने पर रूपये 5 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।इसी प्रकार ग्रीन बेल्ट मे अपने प्रतिष्ठान का प्रचार प्रसार करने हेतु विज्ञापन बोर्ड लगाने पर रूपये 2 हजार की चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला गया साथ ही उज्जैन रोड पर नगर निगम की बिना अनुमति के स्वेटर बाजार खेलने पर एबी रोड एवं उज्जैन रोड पर राजस्व, स्वास्थ्य अमले के द्वारा रूपये 10 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही मे निगम प्र. राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार शामिल थे।

पांच माह के भीतर शातिर चोर को कराया न्यायालय से कठोर कारावास

# ऑपरेशन त्रिनेत्रमः सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ फुटेज, बना सजा का मजबूत सबूत

ऑपरेशन त्रिनेत्रम" व ऑपरेशन संकल्प की जोड़ी ने दोषसिद्धी में दिखाया कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में "ऑपरेशन संकल्प" की शुरुआत की गई हैं, जिसके अंतर्गत पुलिस विवेचना को अधिक से अधिक पेशेवर एवं वैज्ञानिक बनाकर समयावधि में अभियोग पत्र न्यायालय पेश करने पर जोर दिया जा रहा हैं। साथ ही न्यायालय द्वारा विचारण के दौरान जारी समस्त आदेशिकाओं समंन एंव वारंट की प्राथमिकता से तामिली करवाई जा रही है ताकि गंभीर प्रकरणों में जल्द से जल्द न्यायालयीन निर्णय प्राप्त कर पीड़ित को न्याय दिलाया जा सके। गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि होने पर स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण के विवेचक,पैरवीकर्ता एवं संपूर्ण टीम को पुरस्कृत किया जा रहा हैं जिसके चलते पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ा हैं एवं लगातार गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि प्राप्त करने में देवास पुलिस सफल रही है। सी तारतम्य में "ऑपरेशन संकल्प" के तहत 07 जून 2025 को थाना सोनकच्छ पर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी माखन पिता हरि सिंह गुर्जर उम्र 25 वर्ष निवासी मीरपुर खेड़ी थाना सोनकच्छ जिला देवास द्वारा चोरी करने की नियत से फरियादी के ग्राम अभयपुर मे स्थित खेत वाले घर का ताला तोड़कर उसमे लगे पंखे (एग्जास फैन) एवं 180 फीट केबल को कोई व्यक्ति चोरी कर ले गया है जो कि खेत पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों से आरोपी की पहचान कर उक्त आरोपी के संबंध मे थाने पर जाकर सूचना दी । रिपोर्ट पर से थाना सोनकच्छ पर अपराध क्रमांक 376/2025 दिनांक 07 जून 25 को धारा 305,331(3)BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक मानसिंह गामोड़ के द्वारा की जाकर 11 जून को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर चालान क्रमांक 351/2025 19 जून को तैयार किया गया। 24 जून को प्रकरण का चालान न्यायालय पेश किया गया । प्रकरण के न्यायालय में विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा जारी समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय से कराई गई। प्रकरण की पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभियोजक बलराम बंजारा द्वारा अभियोजन की सटीक पैरवी एवं उक्त प्रकरण में विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना के फलस्वरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दशरथ सिंह भिड़े न्यायालय सोनकच्छ ने आरोपी माखन पिता हरि सिंह गुर्जर उम्र 25 वर्ष निवासी मीरपुर खेड़ी थाना सोनकच्छ जिला देवास द्वारा रात्रौ गृहभेदन कारित कर पीडित की सम्मति के बिना उसके मकान मे लगे पंखे (एग्जास फैन) एवं 180 फीट केबल को चोरी करने के संबंध में आरोपी को 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000/- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रकरण मे कोर्ट मोहर्रिर के रुप में आर गोकुल भाटी,कोर्ट मुंशी के रुप में आरक्षक सतीश एवं वारंट मुंशी के रुप में आरक्षक मोना ठाकुर द्वारा कार्य किया गया।

## खाद लेने के लिए टोकन नहीं मिलने पर नाराज किसानों ने किया चक्का जाम

### पुलिस की समझाइश के बाद माने



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रबी फसलों के लिए यूरिया के पर्याप्त स्टॉक के प्रशासन के दावे के बीच खाद के लिए किसानों की लंबी लाइन लगी रही। शहर में एमपी स्टेट एग्रो और अभयेश्वर सहकारी समिति के गोदाम के बाहर खाद के लिए सोमवार को बड़ी संख्या में किसान लाइन लगाए खड़े रहे।

सुबह 4 बजे से ही किसानों का आना शुरू हो गया था, यह सिलसिला 10 बजे तक चलता रहा। भीड़ अधिक होने के कारण सभी किसानों को टोकन नहीं मिल पाए, जिससे आक्रोशित कई किसान कृषि उपज मंडी के सामने एबी रोड पर आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन, कृषि विभाग और अन्य जिम्मेदार पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। गांव की कई सोसायटी में किसान चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन खाद उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मजबूरन किसानों को गांव से शहर की ओर रुख करना पड़ रहा है, यहां भी पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पाती है।किसानों द्वारा नारेबाजी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देखकर मामला शांत कराया गया। शहर से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बिलावली की किसान लीलाबाई ने बताया पास के गांव सिया में कृभको के वितरण केंद्र पर कई बार चक्कर लगाए, लेकिन वहां खाद नहीं मिला इसलिए यहां देवास आना पड़ा है।थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि टोकन वितरण में थोड़ी अव्यवस्था हो गई थी, जिससे किसान सड़क पर आ गए थे। उन्हें समझा दिया गया है और सभी किसानों को टोकन भी बांट दिए गए हैं।

### मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदाता सहायता केन्द्रों का किया निरीक्षण



**देवास।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के अन्तर्गत शहर के समस्त 45 वार्डो में मतदाता सहायता केन्द्रों का निरीक्षण निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा एसडीएम आनंद मालवीय के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किये गये केन्द्रो का सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कडी में सोमवार को केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ के मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के कार्यो की जानकारी विस्तृत रूप से ली गई तथा बीएलओ को मौके पर निर्देश जारी किये गये कि वे अपने अपने क्षेत्रों मे वितरित किये फार्मो का एकत्रिकरण का कार्य युद्ध सतर पर करें। इसमे समयावधि का विशेष ध्यान रखें। आयुक्त के द्वारा बुथ क्रमांक 25 वनमंडल आईटीआई कालानीबाग, आलोट पायगा सहित अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा बुथ लेबर आफिसर (बीएलओ) को सख्त निर्देश जारी किये गये कि वे मतदाताओं को वितरीत फार्म को वापस लेने की प्रक्रिया तेजगति से कर फार्मो के डिजीटाईजेशन कार्यो को तत्काल करें। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यो मे बीएलओ द्वारा जिन जिन क्षेत्रों मे फार्म वितरीत किये गये तथा जिन नागरिकों ने अपने फार्म बीएलओ को वापस नही किये गये उनसे अपील कि है कि वे फार्मो की आवश्यक पूर्ति कर बीएलओ को शीघ्र वापस कर कार्य मे अपना सहयोग प्रदान करें।

## लापरवाही के कारण स्कूल की दो बालिकाओं की आंख में उड़ा एसिड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोनकच्छ तहसील के शासकीय माध्यमिक विद्यालय शाला क्रमांक 2 में सोमवार को विद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण दो मासुम छात्राएं एसीड का शिकार हो गई। दरअसल शिक्षण कक्ष में एक टेबल पर रखी एसीड बाटल गिरकर फुट गई, जिसके कारण बॉटल में भरा एसीड उड़कर दो छात्राओं की आंखों में चला गया, जिन्हे उपचार के लिए सोनकच्छ और देवास के अस्पतालों में ले जाना पड़ा।प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक रक्षिता राजपूत द्वारा बाथरूम सफाई के लिए एक बॉटल एसिड बुलवाया था। जो एक कक्षा में टेबल पर रखा हुआ था। उसी कक्षा में कुछ बच्चे पड़ाई कर रहे थे। शिक्षिका शारदा मनोरिया ने जब टेबल को आगे पीछे किया तब एसिड की बाटल अचानक गिर कर फुट गई, बाटल फूटने से एसिड उड़ा और खोलता हुआ स्कूल की दिवारो के साथ कुछ बच्चियो के ऊपर भी चला गया। एसिड उडने से कक्षा तीसरी की 8 वर्षीय जिन्नत पिता इकबाल और 10 वर्षीय तस्मिया पिता फैजान दोनो निवासी सोनकच्छ की आंखो में एसिड गया है। एसिड की तीव्र जलन से दोनो बच्चिया चीखने चिल्लाने लगी, जिन्हे शिक्षिकाओ द्वारा तुरंत सोनकच्छ सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर ने दोनो बच्चियो को देवास रैफर किया। इन दो बच्चियो के अलावा दो ओर बच्चियो के हाथ व गाल पर हलका एसिड उड़ा जिन्हे उपचार की जरुरत नही लगी। उधर घटना की सूचना मिलते ही बच्चियो के कुछ परिजन अस्पताल पहुंचे और कुछ परिजन स्कूल पहुंचे जिन्होने स्कूल में जमकर हंगामा करते हुए शिक्षिकाओ पर लापरवाही का आरोप लगाया और दोषियो पर पुलिस प्रकण दर्ज करने की बात कही गई।

**जांच कर करेंगे कार्रवाई**

आपके माध्यम से जानकारी संज्ञान में आई है तत्काल इसकी जांच करवाई जाएगी यदि ऐसी कोई घटना घटी है तो तत्काल जांच कर सम्बन्धित जवाबदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**अजय मिश्रा,** डीपीसी

## वार्ड 30 में 29 लाख की लागत से विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ, महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम द्वारा वार्ड 30 के कालोनी के क्षेत्रो मे मार्ग डामरीकरण कार्य, पेवर्स ब्लाक्स, मिनी हाईमास्ट लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य मे हुए कार्यक्रम मे सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद एवं निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग समिति अध्यक्ष शीतल गेहलोत विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। इस अवसर उमाकांत कालोनी के क्षेत्रो मे विधायक निधि से 15 लाख की लागत से मार्ग पर डामरीकरण कार्य, निगम निधि से 12 लाख की लागत से उमाकांत कालोनी, शिमला कालोनी, श्रीकृष्ण नगर, अन्नपूर्णा नगर मे निगम द्वारा पेवर्स ब्लाक्स लगाने तथा पंडित रविशंकर शुक्ल नगर हनुमान मंदिर क्षेत्र मे 2 लाख की लगात से मिनी हाईमास्ट लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके पश्चात महापौर ने वार्ड मे स्थित गुरूद्वारे मे निगम द्वारा निर्मित किये जा रहे हाल का निरीक्षण भी अतिथीयों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ओम जोशी, मिलिंद सोलंकी, मंडल अध्यक्ष सुरेश सिलोदिया भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, वार्ड के सत्यनारायण संघवी, नरेन्द्र मालवीय, शैलेन्द्र चावडा, मुकेश सोनी, सचिन प्रजापति, किशोर कुमावत व वार्डवासी उपस्थित रहे।

## कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सीएसआर कार्यक्रम अंतर्गत छात्राओं को मिला नया फर्नीचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सनफार्मा फ़ार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के माध्यम से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भौरासा में अध्ययनरत छात्राओं के लिए आधुनिक और उपयोगी 50 सेट फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। इस पहल से विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर वर्मा, विकासखंड स्त्रोत्र समन्वयक, शेख निसार, सीएसआर एक्ज़ीक्यूटिव, सनफार्मा तथा जितेन्द्र कुमावत आसरा संस्था मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्या नीता शर्मा ,मोहनी निर्मल,उषा दुबे जितेन्द्र बागड़ियां ने अतिथियों का स्वागत किया।विद्यालय प्रशासन ने सनफार्मा तथा आसरा संस्था के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा सनफार्मा प्रतिनिधि को अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सनफार्मा कंपनी द्वारा ऐसे सकारात्मक कार्य विद्यालय के विकास में योगदान देते रहेंगे।कार्यक्रम का संचालन भोलासिंह यादव ने किया तथा आभार संस्था प्राचार्य नीता शर्मा ने माना।

सेन थॉम एकेडमी में वार्षिक महोत्सव प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति में हुआ संपन्न

# वाइब्रेंट 2025 वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक महोत्सव "वाइब्रेंट 2025 – वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक समारोह" का उत्साह और उमंग के साथ भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना और सच्ची खेल–भावना से सराबोर था।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रितुराज, आईएएस, जिला कलेक्टर देवास ने अपने संदेश में विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों और सतत उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पुनीत गेहलोद, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक देवास ने कार्यक्रम के अनुशासित और ऊर्जा से भरे वातावरण की प्रशंसा की।

कुलविंदर सिंह गिल, अतिथि–विशेष, ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी।इस अवसर की शोभा बढ़ाने वाले अन्य अतिथियों में एम.पी. रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव नागेश व्यास, मार्थोमा ग्रुप ऑफ स्कूल्स के वाइस चेयरमैन रेव. टॉम्स निनन, चयन समिति एम.पी. वीमेन बास्केटबॉल की चेयरपर्सन ऋतु शर्मा तथा रेव. रिजू जॉन थॉमस, निदेशक, केएसके क्षिप्रा शामिल रहे।अतिथियों का हार्दिक स्वागत अध्यक्ष सुनील थॉमस, निदेशिका हैन्सी थॉमस और प्राचार्य पुनीत उपाध्याय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्वलित की गई खेल–मशाल से हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों द्वारा शांति, सद्भावना और सौहार्द के प्रतीक के रूप में कबूतरों और तिरंगे गुब्बारों को हवा में उड़ाया गया।दिन की शुरुआत आकर्षक और पूर्णतः समन्वित मार्च-पास्ट से हुई, जिसने अपनी अनुशासनपूर्ण प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। सेन थॉम एकेडमी के चारों सदनों के साथ-साथ हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स तथा स्कूल के ईको क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले ईको वॉरियर्स की विशेष टुकड़ियां भी परेड में शामिल थीं। जिससे विद्यालय के पर्यावरण–संरक्षण और जल–सुरक्षा के मिशन का संदेश सशक्त रूप से संप्रेषित हुआ।कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के लिए आयोजित रोमांचक ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं ने दर्शक–दीर्घा को पूरे समय उत्साहित रखा।

साथ ही, देशभक्ति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भावनाओं और राष्ट्र–गौरव से भर दिया।ट्रैक इवेंट्स के विजेताओं तथा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

## नगर परिषद सीएमओ ने किया एसआईआर केंद्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

वर्तमान में निर्वाचन नामावली कार्य अंतर्गत एसआईआर फॉर्म भरने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर फार्म वितरित करते हुए पुनः जमा करने व ऑनलाइन करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उक्त कार्य की अंतिम दिनांक नजदीक है। मतदाता द्वारा अपना फार्म जमा नहीं करने की स्थिति में मतदाताओं के नाम कटने की संभावना रहेगी। साथ ही भविष्य में अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना भी करना पड़ेगा। सोमवार को केंद्रो के निरीक्षण के दौरान उक्त जानकारी देते हुए भौरासा सीएमओ सविता सोनी ने कहा कि मतदाता अपनी संपूर्ण जानकारी के साथ फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने बीएलओ या अपने वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र पर अविलंब जमा कराएं। यदि फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही हो तो अपने वार्ड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं नगर परिषद द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की सहायता ले सकते हैं। साथ ही इस अवसर पर नगर में बनाए गए वार्ड क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक 6 उर्दू स्कूल सहित अन्य समस्त केन्द्रो का नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद अबरार गांधी के द्वारा भी निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### गो माता का पूजन कर लोगों से की चर्चा

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद ललितपुर द्वारा संचालित कान्हा गोवंश आश्रय स्थल दैलवारा का निरीक्षण नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली अभिलाषा ने किया कान्हा गोशाला में 949 गोवंश स्वस्थ्य दशा में उपस्थित पाए गए। सफाई व्यवस्था सुदृढ़ पाई गई। 12 गोपालक उपस्थित पाए गए जिनके द्वारा गोवंशों की भली भांति देखभाल की जा रही है। अध्यक्ष सोनाली द्वारा गो माता का विधिवत पूजन अर्चन कर संपूर्ण विश्व की मंगल की कामना की गई। गोशाला के संचालन और व्यवस्थाओं के प्रति संतोष प्रकट किया गया तथा गोपालको द्वारा किए जा रहे कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की गई सोनाली जैन ने पूरी गोशाला का निरक्षण किया और गौमाताओं के स्वस्थ की जानकारी ली और गोशाला में किया कुछ अच्छा हो सकता हैं उसपर चर्चा करते हुए और बेहतर कान्हा गौशाला को बनाने के लिए स्थानीय लोगों के विचार सुने। अध्यक्ष नगर पालिका ने कहा कि जिलाधिकारी से बात करेगी। सभी नगर वासियों से गौ सेवा हेतु आवाहन किया गया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन के अलावा, अभिषेक चौबे, विकेक जैन जिमि , भीष्म प्रताप सिंह बुंदेला दैलबारा , राजवीर सिंह, नवीन जैन, राजीव हुड्डत, हार्दिक कटारे, एवम समस्त गोशाला स्टाफ दैलबारा ललितपुर

### ताला लगे घर से बाइक वर्तन व सोयाबीन चोरी

**ललितपुर।** मोहल्ला हरदीला में रहने वाली विमला राजपूत पत्नी स्व.मोरपाल राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वर्तमान में वह रेलवे स्टेशन रोड नेहरू नगर के पास अपने मकान में निवासरत है। आरोप है कि 20 नवम्बर की रात उसके हरदीला वाले मकान जिसमें ताला लगा हुआ था, उसी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर में घुसकर मोटर साइकिल बजाज सी.डी. 100 नं. यू.पी.94 एस 5549, पीतल के वर्तन, सोयाबीन के 8 बोरा, एलईडी टीवी चोरी कर ले गये। इसके अलावा पड़ौसी जैन मंदिर के पास रहने वाले सौरभ कत्याल पुत्र अनुराग कत्याल के घर के बाहर खड़ी उनकी मोटर साइकिल पेशन प्रो संख्या यू.पी.80 बी.जेड. 6240 को भी उठा ले गये। काफी तलाश करने पर भी बाइकें नहीं मिलीं। पुलिस ने महिलाएफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महिला किसान की जमीन पर कब्जा, मारपीट

**ललितपुर।** कस्बा बिरधा निवासी डोंगराबाई पत्नी स्व.श्यामलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने जमीन को दबंग व्यक्तियों से कब्जा मुक्त कराये जाने की गुहार लगायी है। बताया कि वह किसान महिला है, उसकी जमीन पर सह खातेदार हैं। बताया कि जमीन के साझेदार पर उसके हिस्से की जमीन पर भी कब्जा करते हुये खड़े हुये तमाम प्रजातियों के पेड़ों को काट लिया है। जब उसे रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने डीएम-एसपी से मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### खेत जा रहे किसान को वाहन ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवऊवा निवासी देशरानी बरार पत्नी पूरन बरार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 13 सितम्बर 2025 को सुबह करीब 11.30 बजे उसका पति पूरन बरार अपने घर से खेत पर पैदल फसल बुवाई करवाने के लिए जा रहा था। मां गायत्री स्कूल के पास ग्राम बछलापुर रोड तक उसका पति पहुंचा ही था कि तभी वाहन नं. यू.पी.93 ई.टी. 1284 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पति को गांव के अजय कुशवाहा व बालचंद्र के अलावा अन्य लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। बताया कि इस दुर्घटना में उसके पति का दाहिना हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसआईआर के तहत जल्द भरें गणना फार्म, अंतिम तिथि 4 दिसंबर

# लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है मीडिया, भ्रांतियों को दूर कर पहुंचाए सही जानकारी : डीएम

### शत-प्रतिशत ईएफ डिजिटाईजेशन करने वाले दो बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 2 बीएलओ को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह एवं फलों की टोकरी भेंट कर सम्मानित कर अन्य कार्मिकों को भी इसी उत्साह के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर अपील की कि प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक एसआईआर के बारे में सही जानकारी पहुंचायें और भ्रान्तियों को दूर करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। बताया गया कि जनपद में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत ईएफ डिजिटाईजेशन का कार्य चल रहा है, जिसमें 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-90 सीबी इण्टर कॉलेज निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ सत्यनारायण



लक्षकार एवं भाग संख्या-462 कलौथरा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ देशराज कुर्मी ने ईएफ डिजीटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने आज दोनो बीएलओ को सम्मानित किया।

#### कार्यक्रम के अंतर्गत 23 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका

जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 23 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, मीडिया के माध्यम से जनता को यह संदेश पहुंचाना है कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा। डीएम ने एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया गणना फार्म ऑफलाइन के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी भरा जा सकता है।

#### नामावली में अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं

निर्वाचक बेवसाइट पर विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली मे अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं। सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है। डीएम ने मीडिया बंधुओं से अपील की कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, एसआईआर को लेकर जनता में यदि कोई भ्रान्तियां फैली हों तो उन्हें दूर करें, सही जानकारी उन तक पहुंचाए। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गीतों के बीच निकली बारात

# बने दूल्हा छवि देखो भगवान की, दुल्हन बनी सिया जानकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वैदिक विद्वत परिषद के तत्वावधान में 28वीं श्री राम बरात एवं श्री सीता विवाह पंचमी के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री नृसिंह मंदिर से नगर रामायण यात्रा के साथ हुई, जहाँ गणेश पूजन एवं मंगलाचार सम्पन्न कराया गया। इसके बाद स्वच्छ एवं सुसज्जित रथ पर श्री राम रूप में सजे भगवान की दूल्हा छवि के दर्शन कर भक्तों ने



जय-जयकार के साथ यात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। यात्रा में अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। बारात विभिन्न मार्गों से होते हुए गूंजते जयघोषों एवं राम नाम संकीर्तन के बीच आगे बढ़ी।

कई स्थानों पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर राम बारात का स्वागत किया। नगर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण छाया रहा। शाम को श्री तुलसी विवाह एवं सीता-राम परिणय कार्यक्रम का मंचन किया गया। वैदिक रीति से हुए इस विवाह के दौरान श्री राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं राजा जनक सहित सभी पात्रों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मंगलगीत एवं वैदिक मंत्रोच्चार से श्री तुवन मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। तत्पश्चात भजन संध्या में भक्तों ने ह्यजय-जय रामह्न का संकीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के उपरांत समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों ने विधिविधान से हवन, अभिषेक और पूजा सम्पन्न कराई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकता, शांति एवं संस्कारों से जोड़ते हैं। समिति के अध्यक्ष पं. आचार्य पवन तांत्रिक ने बताया कि 25 नवम्बर को विवाह पंचमी के पावन अवसर पर तुवन मंदिर पर वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर महंत गंगादास महाराज, डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री, आचार्य पवन तांत्रिक, पं. जगदीश पाठक, सुभाष जायसवाल, ऊषा जायसवाल, अशोक पटौरिया, राजीव बबेले सप्पू ने गणेश पूजन, दूल्हा सरकार की वैदिक विधियां सम्पन्न कीं। तुवन मंदिर पर सरदार बीके सिंह, धर्मेन्द रावत, पं. कृष्णदेव लिटौरिया ने द्वार चार कलश पूजन आदि विधि विधानपूर्वक कार्य सम्पन्न किए। इस अवसर पर पं. बाबूलाल द्विवेदी, पं. सीताराम गोस्वामी, पं. जनार्दन मिश्र, बृजनाराण मुखरैया, उमाशंकर बिदुआ, डॉ. एस.पी. पाठक, महंत भावना गोस्वामी, भगवत नारायण बाजपेयी, रामसहाय तिवारी, दिनेश गोस्वामी, नीरज गंगेले, गोपाल दुबे, घनश्याम बबेले, कृष्ण बिहारी मिश्रा, सानू पाठक, मुन्ना मिश्रा, शिव सहाय पाठक, रघुनाथ दास गोस्वामी, पातालेश्वर गिरि, शशि पाठक, अनीता गोस्वामी, देवेंद्र चतुर्वेदी, सुबोध गोस्वामी, बृजेश चतुर्वेदी, चन्द्रशेखर राठौर, हरविन्द सलूजा, राजेश दुबे, अमित तिवारी, मुन्नालाल तिवारी, कमलेश गोस्वामी, अटल दुबे, रामकृष्ण चौबे, रामस्वरूप तिवारी, कृष्णकांत तिवारी मौजूद रहे। वहीं पात्र के रूप में राम हर्षिता पाठक, विजय किलेदार, अजय तिवारी, हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, डा.अनूप श्रीवास्तव, प्रदीप खैरा, डा. दीपक चौबे, डा. रोहित सुडेले, पुरूषोत्तम संज्ञा, दिनेश चर्तुवेदी, रविन्द्र पाठक, बाबूलाल कुशवाहा, रामशंकर तिवारी, मनोज झा, अशोक तिवारी, दीपक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## बाल कल्याण पुलिस की बैठक संपन्न

# कानून अनुपालन की समस्याओं पर चर्चा



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह पर्यवेक्षण में व थाना एएचटी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह नवम्बर 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन सभागार में आहुत की गयी। बैठक महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी./एस.टी. एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया।

## बीएलओ का सहयोग करेंगे

# कांग्रेस ने सौंपी सभी बीएलए की सूची



**ललितपुर ।** जिला कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष दयाराम रजक,पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुँडेत, जिला महा सचिव शशि कांत दीक्षित, ने जिला निर्वाचन अधिकारी को विधान सभा ललितपुर 543 के सभी बीएलए की सूची व विधानसभा महरौनी के 520 के सभी बी एल ए 2 की सूची क्रम वध तरीके से सभी जिला के 1063 बी एल ए 2 की सूची जिला निर्वाचन अधिकरी को कांग्रेस के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियो के साथ निर्वाचन कर्यालय में जमा की। जिला अध्यक्ष दयाराम रजक ने नये बने बी एल ए 2 को शुभ कामनाये दीं और कहा की निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप पार्टी के सभी बी एल ए 2 निर्वाचन आयोग के बी एल ओ के साथ मिल कर हर वार्ड व प्रत्येक गांव तथा प्रत्येक बूथ बार जाकर प्रत्येक बोट को सूची मै दर्ज कराये तथा जहाँ पर भी किसी नागरिक को फार्म भरने मै कोई कठिनाई हो उस को दूर करके उन का सहयोग करे यह सुनहरा अफसर है कि कांग्रेस पार्टी के ु'2 घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से मिलकर उनकी समस्याएं जाने और उन्हें प्राथमिकता के तौर पर एस आई आर का फार्म भरवाने में मदद करें एक बी एल ए 2 प्रतिदिन 50 फॉर्म जमा कर सकता है

## बानपुर में सदस्यता अभियान

# सनातन संस्कृति द्वारा ही सुरक्षित रहेगी सभ्यता- हरिप्रिया भार्गव



**ललितपुर।** सनातन संस्कृति द्वारा ही भारतीय सभ्यता सुरक्षित रहेगी। बच्चों को संस्कारों से जोडने के लिए उन्हें धार्मिक एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र का बोध करना होगा। सनातन संस्कृतिक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव ने कस्वा बानपुर के बजरंगढ हनुमान मंदिर प्रांगण में सनातन संकल्प अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा आज आवश्यकता है एकजुट होकर अपनी संस्कृति के संरक्षण की। बसुधैव कुटुम्बकम और प्रत्येक जीव के संरक्षण की भावना पर बल देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा आज मोक्षलक्षी धर्मों को एकसूत्र में बाँधकर जाति, वर्ण और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज का निर्माण की जरूरत है। सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा सनातन एवं शाश्वत परंपराओं को बिखरने नहीं देंगे।पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से अपनी मूल संस्कृति को बचाएंगे। हर घर में सनातन की लौ प्रज्वलित करेंगे और व्यवस्थित सशक्त समाज का निर्माण करेंगे।

उन्होंने कहा जागरूकता के अभाव में विभिन्न माध्यमों से हमारे धर्म और संस्कृति को गलत ढंग से बताया जाता है। उन्होने मातृशक्ति से आव्हान किया कि जागरूक हो और अपने बच्चों और परिवार को संस्कारों से जोडे। इसके लिए सनातन संस्कृतिक संघ के माध्यम से आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों से जुड़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महामंत्री वीणा जैन ने करते हुए कहा सनातन संस्कृति को मजबूत करने के लिए संगठन के माध्यम से जो प्रयास है वह निश्चय ही समाज में परिवर्तन का शंखनाद करेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव ने अंजनीपुत्र हनुमान जी महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर किया। सनातन संस्कृतिक संघ के अभियान में बहमकुमारी रुवी दीदी, नीता खरे, डॉ नीलम सर्राफ, चेष्टा श्रीवास्तव, डालीराजा, आरती सिंह, उर्मिलादेवी के अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा, डा बीआर विश्वकर्मा, अक्षय अलया, डा जितेन्द्र जैन, सुदामा दुबे पत्रकार बांसी, हरचरन राजपूत, भरत कुशवाहा, हरीसिंह ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य आशीष रावत द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष भार्गव ने हवन कुण्ड के समक्ष पंच तत्वों की साक्षी में वैदिक मंत्रोचार पूजन के साथ पांच संकल्प कराके सनातन संस्कृति की रक्षा का उपस्थित मातृशक्ति एवं उपस्थित जनसमुदाय को संकल्प कराया। आयोजन की व्यवस्थाए राष्ट्रीय संयोजक मनोज जैन, डा सुशील विश्वकर्मा, संदीप दुवे, बीरसिह बुन्देला, वीरेन्द्र जैन सोनू, अमित पाठक, प्रिंस राठौर द्वारा संयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान श्री बजरंग गढ़ हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजन समिति द्वारा परसाद वितरण भंडारा किया गया।

## बाइकों की भिड़ंत में, युवक की मौत

**ललितपुर।** रविवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक किसान की मौत हो गई। हादसे में मृतक का साला और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान थाना सौजना अंतर्गत ग्राम मैंनवार निवासी 35 वर्षीय गुलाब यादव पुत्र धरमु के रूप में हुई है। वह अपने साले 26 वर्षीय लखन पुत्र धरमु निवासी ग्राम सिरोंन, थाना मड़ावरा के साथ रविवार शाम सौजना से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। गुलाब की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में उसकी स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन रविवार रात 2.42 बजे उसे वापस जिला अस्पताल के इमरजेंसी विभाग लाए। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद गुलाब को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि मृतक गुलाब यादव पांच भाइयों और चार बहनों में चौथे नंबर पर था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। वह खेती-किसानी का काम करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## ठंड से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया है कि शीतलहर, ठंड से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है, जिन्हे अपनाने से जनपद वासियों को शीतलहर, ठंड से बचाव हेतु सुविधा होगी। जैसे स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टीवी एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें।

कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर/ब्लोवर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार बनाये रखे ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीली धुआँ इकठा न हों। शरीर को सुखा रखें, गीले कपडे तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधित ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों, आश्रय स्थलों पर जाये, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया हो। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे ऊनी कपडे, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीत लहर/ठंड के प्रभाव से बचा सकते है। ऊनी कपड़ों के कमी की दशा में दो तीन कपड़े एक के ऊपर एक पहनकर शीत लहर/ठंड के प्रभाव को कम किया जा सकता है। उन्होने यह भी बताया कि अत्याधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके उतना घर के अन्दर रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रभाव को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। धूप निकलने की दशा में इसका सेवन ठंड/शीत लहर से बचाव करेगा।

हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे शरीर का आसामान्य तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, अत्याधिक ठिठुरन, सुस्ती, थकान, तुतलाहट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपनी नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। शीतदंश के लक्षणों जैसे शरीर के अंगो का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की ऊंगलियों, कान, नाक आदि सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। अपने आस-पास के अकेले रहने वाले किसी भी पड़ोसियों की जानकारी रखे, खासकर बुजुर्गों की एवं किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क करें। ठंड/शीत लहर की दशा में पालतु पशुओं/पक्षियों के बाड़े को ऊष्मा रोधी बनाने हेतु खिड़की दरवाजो को ढककर रखें परन्तु वेंटिलेशन हेतु पर्याप्त खुला स्थान भी छोड़े। सिगडी, अलाव, अंगीठी सोते समय बुझाकर सोये इससे आग जनी से बचा जा सकता है। सिगड़ी, अलाव, अंगीठी बन्द स्थानों पर जलाने से बचें।

## विरासत संरक्षण जागरूकता संगोष्ठी व रंगोली प्रतियोगिता हुई

# किसी राष्ट्र की धरोहर ही उसका गौरव होती: सोनाली जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में विश्व विरासत सप्ताह (19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक) के छठवें दिन क्षेत्रीय पुरातत्व ईकाई, झाँसी, इन्टैक ललितपुर चैप्टर एवं बुन्देलखण्ड हैरिटेज सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विरासत संरक्षण संगोष्ठी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सोनाली जैन (नपा अध्यक्ष), संतोष शर्मा इंटक धर्मेंद्र शर्मा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजीव द्विवेदी क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी एसके दुबे पुरातत्व अधिकारी ललितपुर विद्यालय डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, ज्योति शर्मा, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। नपा अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि किसी राष्ट्र की धरोहर ही उसका गौरव होती है। इसको देखन व जानने के लिये विदेशों से पर्यटक आते हैं।



इससे देश को राजस्व की प्राप्ति एवं युवाओं को रोजगार प्राप्त होता है। हमारा बुन्देलखण्ड एवं ललितपुर जनपद विरासतों एवं पर्यटन से समृद्ध है। इन विरासत स्थलों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। डॉ एसके दुबे ने कहा कि हमारी इन्हीं पुरानी धरोहरों को देखने के लिये विदेशी पर्यटक अपनी आय का एक बडा भाग खर्च करते हैं। ये धरोहर हमारे पूर्वजों के सैकड़ों वर्ष पूर्व विकसित होने का प्रमाण है। इन्टैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक संतोष शर्मा ने कहा कि विश्व विरासत सप्ताह प्रतिवर्ष इसलिये मनाया जाता है ताकि हम अपनी विरासतों के प्रति जागरूक होकर उन्हें संरक्षित और विकसित करने का प्रयास करें। इन्टैक इस दिशा में पूरी सजगता से अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि ललितपुर में विरासत पर्यटन के विकास की पर्याप्त सम्भावना है। हम सभी के प्रयास से ललितपुर एक दिन पर्यटन का हब बनेगा। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ राजीव त्रिवेदी ने कहा कि भावी पीढ़ी को आगे आने हेतु प्रेरित किया गया है, तथा स्मारकों का भ्रमण करते समय सभी से स्वच्छ रखने तथा प्रदूषित न करने की अपील की गयी। डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्व, पहचान, प्रेरणा पर्यटन और आर्थिक विकास में निहित है। इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद करती है। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि पूरे भारत में यूनेस्को द्वारा 44 मान्य हैरिटेज है। विरासत हमारा देश 5वें नम्बर पर है। अगर हम अपनी जागरूकता को बढ़ायें तो हम चौथे नम्बर पर आ सकते हैं। रंगोली प्रतियोगिता में संजना पंथ प्रथम, कशिश जैन व हेमंत कुशवाहा द्वितीय तथा जयकुमार कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें प्रमाणपत्र व पुरूस्कार प्रदान किये गये। अंत में सभी आंगन्तुकों का प्राचार्य द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने रमेश श्रीवास, अभिषेक परिहार, महेन्द्र कुमार, रामचरण कुशवाहा, गजेन्द्र राठौर, अरविन्द कुमार, असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, डॉ धनीराम राजपूत रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी पुरोहित आदि मौजूद रहे।

### निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास ला रहे रंग

# एसआईआरः जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर 65 फीसदी कार्य पूर्ण हुआ

## दिन के साथ-साथ रात में भी कार्य कर रहा एसआईआर कार्य से जुड़ा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे एक बड़ी उपलब्धि ही कहा जाएगा की राजगढ़ जिले में मतदाता सूचियों का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्य लगभग 65 फीसदी के लगभग पूर्ण हो चुका है। एसआईआर कार्य के शुरूआती दिनों में जहां राजगढ़ जिला मप्र के अंदर 5 जिलों में शामिल था, वहीं अब बढ़त बनाते हुए अन्य जिलों की अपेक्षा अच्छे मुकाम पर पहुंच चुका है। जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन होना है, जिनमें से कल 23 नवंबर की शाम 6 बजे तक की स्थिति में 7 लाख 60 हजार 78 मतदाताओं के फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके थे।

आपको बतादें कि जिले में मतदाता सूचियों का यह गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से आरंभ हुआ था। शुरूआत के सात-आठ दिन तो गणना पत्रकों को घर-घर बांटने में ही निकल गए। ऐसे में एसआईआर कार्य की प्रगति जिले में खासी अच्छी नहीं थी। ऐसे में जिला निवार्चन अधिकारी, उप-जिला निवार्चन अधिकारी एवं एडीएम प्रताप सिंह चैहान, सभी पांचों अनुभागों के रिटर्निंग ऑफिसरों ने इस कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता में रखा। अधिकारियों द्वारा जहां एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) पर सस्पेंशन सहित अन्य कार्यवाहियां की गई वहीं अच्छे प्रदर्शन वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया गया। इसी का नतीजा है कि आज जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर लगभग 65 फीसदी गणना पत्रकों का डिजीटाईजेशन पूर्ण हो चुका है।



### हर 2 घंटे में हो रही एसआईआर कार्य की मॉनिटरिंग

अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन हर 2 घंटे में बूथवाइज एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए रिपार्टस प्राप्त की जा रही है। सभी बीएलओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी, निकायों व पंचायत का अधीनस्थ अमला दिन के साथ-साथ रात में भी इस काम को पूर्ण करने में जुटा हुआ है।

### 4 दिसंबर तक की डेडलाइन, 11 दिन शेष

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का संपूर्ण कार्य 4 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की हुई है। ऐसे में शेष बचे मतदाताओं से प्राप्त गणना-पत्रकों को डिजिटाइज्ड करने में अब सिर्फ 11 दिन की अवधि ही शेष बची है।

### एसआईआर कार्य में खिलचीपुर विस अव्वल

एसआईआर कार्य की विधानसभावार प्रगति की बात करें तो पांचों विधानसभाओं में खिलचीपुर विस अव्वल है। 23 नवंबर की शाम 6 बजे तक खिलचीपुर विधानसभा में लगभग 73.26 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों को डिजिटाईज्ड करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका था।

### एसआईआर पूर्णता की विधानसभा वार स्थिति

| विधानसभा | मतदाता | डिजिटाईजेशन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| नरसिंहगढ़ | 245354 | 155082 | 63.21 |
| ब्यावरा | 246317 | 146396 | 59.43 |
| राजगढ़ | 237827 | 139756 | 58.76 |
| खिलचीपुर | 238320 | 174594 | 73.26 |
| सारंगपुर | 210295 | 144250 | 68.59 |
| कुल | 1178113 | 760078 | 64.52 |

जिला निर्वाचन कार्यालय, राजगढ़)

### इनका कहना है...

सामूहिक प्रयासों एवं मेहनत से एसआईआर कार्य की प्रगति में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हुई है। निर्धारित डेडलाइन तक इस काम को 100 फीसदी पूर्ण कर लेंगे।

**प्रताप सिंह चौहान, एडीएम एवं उप-जिला निवार्चन अधिकारी, राजगढ़**

---

### नहरों से सिंचाई की मॉनिटरिंग के लिए बनाया एकीकृत कंट्रोल रूम

# इस वर्ष मोहनपुरा बांध से 1 लाख 47 हजार हे. क्षेत्र में होगी सिंचाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की दशा और दिशा में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा सिंचाई परियोजना से इस साल अपने तय लक्ष्य 1 लाख 45 हजार हेक्टेयर से भी बढ़कर 1 लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में सिंचाई होगी। अंडरग्राउण्ड प्रेशराईज्ड पाइप लाईनों के जरिए बांध से सीधे खेतों तक पानी पहुंचाने की इस परियोजना के लिए जिला मुख्यालय पर एकीकृत नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। यहां से मोहनपुरा के साथ ही कुंडालिया बांध के सभी 7 पंप हाऊसों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। आपको बतादें कि मोहनपुरा बांध की चार अलग-अलग योजनाओं के तहत एक लाख 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित थी, लेकिन क्षेत्र की बढ़ती सिंचाई जल की मांग को देखते हुए तकनीकि अमले ने प्रोजेक्ट को और अधिक प्रभावी करते हुए अतिरिक्त किसानों को लाभांवित किया है। इससे डेम से सिंचाई क्षमता बढ़कर एक लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर पर पहुंच गई है।

### रुका पलायन, आए आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव

मोहनपुरा बांध की नहरों शुरू होने के पहले जिले से हर साल 51 हजार लोग स्थाई व एक लाख से अधिक लोग रोजगार के लिए अन्य जिलों व राज्यों में अस्थाई पलायन करते थे। पलायन का यह ग्राफ तेजी से कम हुआ और लोग यहीं रहकर स्थाई रूप से दो व तीन फसलों की खेती करने लगे हैं। इससे किसानों को जहां आर्थिक लाभ हुआ। वहीं सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव भी अब नजर आने लगे हैं।

### इनका कहना है...

पूरी टीम के सतत प्रयासों से निर्धारित अवधि में लक्ष्य से भी अधिक पूर्ति करते हुए बांध से सीधे खेतों तक हम पानी पहुंचा रहे हैं।

**विकास राजोरिया, अधीक्षण यंत्री एवं परियोजना प्रशासक एमकेपीएमयू, राजगढ़**

---

# 10 लाख रुपए से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण

**लखनवास।** ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में सात महीने पहले राशि निकाल ली गई। जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। जब आठ नबंवर को सामचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब जाकर ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया। सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव ने जनपद के अधिकारी की सांठगांठ से निकाल लिए गया था। जिसका 16 नवम्बर को काम चालू किया गया। अब उसी काम में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। 2 फिट नींव खोद कर बिना बेस बनाए सीमेंट पाइप जमीन पर ही रख दिया। डस्ट वाली गिट्टी जिसमें आदि धूल और मिट्टी मिली है उसी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। दोनों साइट दीवार उठाई जा रही उसमें सीमेंट भी नाम मात्र की मिला रहे है। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया तो पुलिया ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। पहली बारिश में उखड़ जाएगी।

### इनका कहना है...

अभी मैं हड़ताल में था। कल जाकर देखूंगा।

**अरुण कुमार जनपद**
पंचायत इंजीनियर ब्यावरा

---

### 9 डिग्री सेल्सियस पहुंचा जिले का न्यूनतम तापमान

# एक पखवाड़े बाद शीतलहर से मुक्ति, पारे में भी उछाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बीते करीब एक पखवाड़े से चल रही शीतलहर से परेशान लोगों ने अब कहीं जाकर राहत की सांस ली है। शीतलहर बंद होने के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ दिनों पहले जिले का न्यूनतम तापमान जो 5 डिग्री सेल्सियस लुढ़क चुका था वो अब बढ़ते हुए 9 डिग्री तक पहुंच चुका है।

रविवार को पूरे दिन राजगढ़ नगर सहित जिले भर में धूप खिली रही। जिन किसानों ने अपने खेतों में बोवनी कर रही है, उनकी फसलों के लिए यह धूप काफी अनुकूल रहेगी। हालांकि, शाम होते ही पुनः ठंड का अहसास हो रहा है और लोग गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकल रहे हैं। मौसम के जानकारों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक जिले का न्यूनतम तापमान 8-9 डिग्री के आसपास ही रहेगा परन्तु दिसंबर की शुरूआत के साथ ही तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान (तापमान डिग्री/सेल्सियस में)**

| दिनांक | न्यूनतम |
|---|---|
| 23 नवंबर | 9.0 |
| 22 नवंबर | 8.6 |
| 21 नवंबर | 8.4 |
| 20 नवंबर | 7.5 |
| 19 नवंबर | 6.5 |
| 18 नवंबर | 5.8 |
| 17 नवंबर | 5.0 |

---

### संयुक्त टीम को मिली सूचना के बाद की गई कार्रवाई

# भोजपुर, करकरी और पीपल्याकुल्मी में 3 बाल-विवाह रोके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाल-सगाई और बाल-विवाह पर पूर्णतः अंकुश लगाने प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जागरुकता प्रयासों के साथ कार्यवाहियां भी अनवरत जारी हैं। इसी कड़ी में रविवार को महिला बाल विकास विभाग, पुलिस एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने सूचना मिलने पर भोजपुर, करकरी और पीपल्याकुल्मी में होने जा रहे तीन संभावित बाल-विवाहों को रुकवा दिया। भोजपुर से मिली सूचना के बाद टीम मौके पर पहुँची। परिजनों ने बताया कि बालिका की केवल सगाई हुई है और शादी अभी नहीं करेंगे। टीम ने परिजनों और ग्रामीणों को स्पष्ट कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह पूरी तरह अवैध है और ऐसा करने पर अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज की जाएगी।



**15 वर्षीय बालिका का विवाह परिवार ने किया स्थगितः** करकरी गांव में 15 वर्ष की नाबालिग बालिका का विवाह किए जाने की सूचना पर संयुक्त टीम मौके पर पहुँची। पूछताछ में पाया गया कि विवाह की तैयारी चल रही थी। समझाइश के बाद परिवार ने विवाह स्थगित कर दिया और भविष्य में कानून का पालन करने की बात कही।

**पिपलिया कुल्मी में नाबालिग दूल्हा मिलाः** पीपल्याकुल्मी गांव में एक नाबालिग का विवाह कराया जा रहा है। मौके पर एक 15 वर्षीय किशोर मिला जिसके शरीर पर हल्दी लगी हुई थी। किशोर ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसकी शादी होने वाली थी। दस्तावेजों की जांच में उम्र 15 वर्ष ही पाई गई। संयुक्त टीम ने परिजनों को सख्त हिदायत दी कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और यदि विवाह कराया तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

---

# कबीर पंथ महंत के सानिध्य में में आनंदी चौका आरती संपन्न



**जीरापुर।** सदगुरू कबीर साहेब आनंदी चौका आरती एवं कवरलाल रामीबाई मालवीय की चारधाम यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपलक्ष्य में डग बालाजी मंदिर परिसर में आनंदी चौका आरती समारोह संपन्न हुआ। महंत गोपाल दास साहब बरुखेडी, कबीर पंत मंहत आत्माराम दास के सानिध्य में विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुए, जहां भक्तों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आरती में सहभागिता की।

इस अवसर पर महंत गोपाल दास साहेब ने अपने मुखारबिंदु से बताया कि कबीर पंथ महंतों द्वारा भजन एवं दिव्यवाणियों से समाज जनों को मार्गदर्शी एवं कबीर पंथ द्वारा हर समय मालवी समाज के युवाओं एवं महिलाओं में उत्साह वर्धन करते हैं। इस पुनीत अवसर पर कहा कि आज हमारे समाज में 90 प्रतिशत समाज बंधु मांस मदिरा मुक्त हो चुके हैं। समाज में धार्मिक वातावरण में भजन-कीर्तन के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया जा रहा है। समाज बंधु महिला बच्चे सभी समाज की उन्नति की ओर प्रयास रत है डग रोड बालाजी मंदिर पर संध्या पाठ एवं भजन सत्संग आयोजन में मुख्य अतिथि लालजी राम मालवीय, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व विधायक आगर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह तोमर, कमलसिंह पवांर पुर्व मण्डी अध्यक्ष, पार्षद पवन राठौर माचलपुर, भोजराज गुर्जर रामगढ को साफा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जहां पर जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# धूमधाम से मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई जयंती

**नरसिंहगढ़।** शनिवार को थावरिया स्थित मां नगरकोट मंदिर परिसर में मां नगरकोट पारायण समिति एवं कोली समाज द्वारा वीरांगना झलकारी बाई जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद महावर, विशेष अतिथि ओमप्रकाश महावर, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धन्नालाल महावर ने की।

विशेष अतिथि ओमप्रकाश महावर ने झलकारी बाई को भारत के इतिहास की वीर, साहसी और प्रेरणादायी महिलाओं में एक बताते हुए कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई की सेना में महिला सैनिक दल दुर्गा दल की प्रमुख थीं। मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद महावर ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में झलकारी बाई के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला और उनके जीवन परिचय से उपस्थित समाजजनों को अवगत कराया। मंच संचालन देव महावर द्वारा किया गया। उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई के बचपन के एक साहसिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे जंगल में लकड़ी लेने गई झलकारी बाई ने केवल कुल्हाड़ी के सहारे बाघ का बहादुरी से सामना किया और उसे परास्त कर दिया। कार्यक्रम में यश महावर, पवन महावर, त्रिलोक महावर, महेश महावर, अजय महावर, चंदन महावर, भानु महावर, बाबूलाल महावर, दीपक महावर, ललित महावर, हेमंत महावर, किशोर महावर सहित कोली समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।



---

# जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा जयंती उत्साहपूर्वक मनाई



**सारंगपुर।** स्थानीय सेवा सदन कार्यालय में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह, एसपी अमित तोलानी सहित अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी अस्मिता के प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। अंग्रेजी शासन के अत्याचार, आदिवासियों की जमीनों की लूट और शोषण के विरुद्ध उनका संघर्ष इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दे चुके हैं।

मंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि सारंगपुर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा आदिवासी समाज के इतिहास व अध्ययन हेतु पुस्तकालय भी खोला जाएगा। वहीं सांसद ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जो संघर्ष अधूरे छोड़, उन्हें आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में बडवानी और राजगढ़ से आए आदिवासी कलाकारों ने पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम भील ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खडे होने की शक्ति देता है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आदिवासी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

---

# अपर कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

**सारंगपुर।** रविवार को ग्राम तारागंज स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 118 पर चल रहे एसआईआर कार्य का प्रशासनिक टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। राजगढ़ के अतिरिक्त कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान एवं एसडीएम रोहित बम्होरे सारंगपुर नायब तहसीलदार गोपाल चौहान ने स्थल पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन से संबंधित फार्मों की जांच की तथा कार्य की पारदर्शिता एवं शुद्धता पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर ने बीएलओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने घर-घर सत्यापन कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने और पात्र मतदाताओं को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

---

### गायत्री परिवार की जिला बैठक आयोजित

# मातृशक्ति व अखंड दीप जन्मशताब्दी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की गई

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के नए जिला समन्वयक का सर्वसम्मति से हुआ चयन



**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला राजगढ़ की जिला बैठक रविवार को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह 10 बजे संपन्न हुई। अखंडदीप एवं वंदनीया माताजी जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में जिले भर के सक्रिय परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आगामी वर्ष के लिए संगठन के विस्तार और जन-जागरण अभियानों की रूपरेखा तय की गई। बैठक का शुभारंभ गुना उपजोन प्रभारी महेश केवट, जिला समन्वयक डॉ. ओपी पवार, युवा जिला समन्वयक भारत सिंह राठौड़ एवं मुख्य ट्रस्टी एड.आशीष उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने गुरुदेव एवं गायत्री माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की। इसके बाद अर्चना साहू एवं कृष्णा सैनी ने युग निर्माण सत संकल्प का वाचन कराया। बैठक में प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के संकल्पों को तहसील स्तर तक ले जाने पर मंथन हुआ। वक्ताओं ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत जिले में नए मंडलों का गठन, पत्रिका पाठक सम्मेलन, घर-घर गायत्री यज्ञ एवं संस्कार परंपरा को पुनः स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाए जाएंगे। वहीं महेश केवट ने कार्यकर्ताओं को शताब्दी वर्ष में पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

बैठक के अंत में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा संगठन में नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की गई। वर्तमान युवा जिला समन्वयक भारत सिंह राठौर ने आगामी कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु किशोर जानोरिया का नाम नए युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक के रूप में प्रस्तावित किया। सदन में उपस्थित सभी परिजनों ने करतल ध्वनि के साथ इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया। एवं भारत सिंह राठौर को जिला समन्वय समिति का जिला सह-समन्वयक बनाया गया। कन्या किशोर कौशल से पूर्णिमा सोनी व आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी से वैशाली वैद्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन किशोर जानोरिया ने किया एवं आभार नीलिमा शर्मा ने माना। इस अवसर पर तहसील समन्वयक शीला दांगी, श्याम सुन्दर पाटीदार, हेमंत सक्सेना, उमेश सक्सेना, युवा प्रकोष्ठ से पवन वैष्णव, मोहन लववंशी, राजेश सिंह भदौरिया, विष्णु नागर सहित ब्यावरा से हवलदार सिंह, प्रवीण नामदेव, तेजकरण साहू, हरीश सक्सेना, चंद्रहास शर्मा, संतोष शाक्य, कानजी सौंधिया, प्रमोद साहू, भवानी शंकर भट्ट, श्रीकृष्ण बंसल, बीएल गुप्ता, जितेन्द्र पंवार, आदि उपस्थित थे।